प्रेस नोट

दिनांक 31.01.2025, थाना खरगूपुर

जनपद गोण्डा।

थाना खरगूपुर पुलिस द्वारा अवैध मादक पदार्थ के साथ 01 अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार, कब्जे से 01 किलो 200 ग्राम अवैध गांजा बरामद-

कार्यवाहीः-

पुलिस अधीक्षक गोण्डा श्री विनीत जायसवाल द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी श्री मनोज कुमार रावत के पर्यवेक्षण व क्षेत्राधिकारी नगर श्री आनन्द कुमार राय के कुशल नेतृत्व में थाना खरगूपुर पुलिस द्वारा क्षेत्र भ्रमण के दौरान अवैध मादक पदार्थ (01 किलो 200 ग्राम अवैध गांजा) के साथ अभियुक्त दिनेश पुत्र रामसिंह निवासी ग्राम देवरियाकला थाना खरगूपुर जनपद गोण्डा को ग्राम कुटनहरिया नहर पुल के पास से गिरफ्तार कर कब्जे से 01 किलो 200 ग्राम अवैध गांजा बरामद किया गया।

घटना का संक्षिप्त विवरण-

दिनांक 31.01.2025 को थाना खरगूपुर के उ0नि0 जयप्रकाश मिश्रा मय फोर्स शांति व्यवस्था हेतु क्षेत्र भ्रमण में रवाना थे कि बहदग्राम कुटनहरिया नहर पुल के पास अवैध गांजा बेचने की सूचना प्राप्त हुआ। उक्त सूचना पर संदिग्ध व्यक्ति की तलाशी की गयी तो उसके कब्जे से अवैध मादक पदार्थ (01 किलो 200 ग्राम अवैध गाँजा) बरामद कर अभियुक्त दिनेश पुत्र रामसिंह निवासी ग्राम देवरियाकला थाना खरगूपुर जनपद गोण्डा को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर थाना खरगूपुर में मु0अ0स0- 20/2025 धारा 8/20 एन0डी0पी0एस0 एक्ट का अभियोग पंजीकृत कर गिरफ्तार अभियुक्त के विरूद्ध थाना खरगूपुर पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की गयी।

गिरफ्तार अभियुक्त-

01. दिनेश पुत्र रामसिंह निवासी ग्राम देवरियाकला थाना खरगूपुर जनपद गोण्डा।

पंजीकृत अभियोग-

01. मु0अ0स0- 20/2025 धारा 8/20 एन0डी0पी0एस0 एक्ट थाना खरगूपुर जनपद गोण्डा।

बरामदगी-

1. 01 किलो 200 ग्राम गाँजा(अवैध मादक पदार्थ) बरामद।

गिरफ्तार कर्ता टीम-

01. उ0नि0 जयप्रकाश मिश्रा
02. का0 लवकुश यादव
03. का0 अजीत कुमार निषाद

मीडिया सेल, गोण्डा।

प्रेस नोट,

दिनांक 31.01.2025

अधिवर्षता सेवा पूर्ण करने वाले प्रतिसार निरीक्षक व 05 उपनिरीक्षक हुए सेवानिवृत-

गोण्डा। आज दिनांक 31.01.2025 को जनपद गोण्डा में नियुक्त प्रतिसार निरीक्षक श्री राकेश सिंह, उ0नि0ना0पु0 श्री संतोष कुमार पाण्डेय, उ0नि0ना0पु0 राममिलन मिश्र, उ0नि0ना0पु0 श्री हरि कृष्ण प्रसाद, उ0नि0ना0पु0 रामकिशोर प्रसाद, उ0नि0ना0पु0 श्री ओम प्रकाश पुलिस सेवा में अपनी अधिवर्षता आयु पूर्ण कर सेवानिवृत के अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी श्री मनोज कुमार राव द्वारा पुलिस लाइन सभागार में उन्हें फूलमाला पहनाकर, अंग वस्त्र व धार्मिक पुस्तकें भेट कर विदाई दी तथा भविष्य में आवश्यकता पड़ने पर उन्हें हर संभव मदद का भरोसा भी दिलाया।

इस मौके पर क्षेत्राधिकारी सदर सुश्री शिल्पा वर्मा व अन्य पुलिस के अधि0/कर्मचारीगण मौजूद रहें।

मीडिया सेल, गोण्डा।

प्रेस नोट,
दिनांक 31.03.2024

अधिवर्षता सेवा पूर्ण करने वाली 01 महिला अनुचर हुई सेवानिवृत-

गोण्डा। आज दिनांक 31.03.2024 को जनपद गोण्डा में नियुक्त *महिला अनुचर ज्ञानवती* पुलिस सेवा में अपनी अधिवर्षता आयु पूर्ण कर सेवानिवृत हुई है। उनकी सेवानिवृत्ति के अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी श्री मनोज कुमार रावत द्वारा पुलिस लाइन सभागार में उन्हें अंग वस्त्र व धार्मिक पुस्तकें भेट कर विदाई दी तथा भविष्य में आवश्यकता पड़ने पर उन्हें हर संभव मदद का भरोसा भी दिलाया।

इस मौके पर प्रतिसार निरीक्षक श्री राकेश कुमार सिंह व अन्य पुलिस के अधि0/कर्मचारीगण मौजूद रहें।

मीडिया सेल, गोण्डा।